भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 10.11.2022

नवनियुक्त महाप्रबंधक श्री बृज मोहन अग्रवाल ने आरेडिका का लिया जायजा

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के नवनियुक्त महाप्रबंधक श्री बृज मोहन अग्रवाल ने 07.11.2022 को महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण कर आरेडिका के अधिकारियों के साथ आज महाप्रबंधक सभागार में बैठक आयोजित की।

महाप्रबंधक महोदय, ने आईआईटी रूड़की से बीटेक और आईआईएम बंगलोर से एमबीए की उपाधि ग्रहण की हैं। इससे पूर्व में श्री अग्रवाल मध्य रेलवे, ईस्ट कोस्ट रेलवे, एनईआर,एनसीआर, कपूरथला आदि विभिन्न रेलवे जोनों में विभिन्न पदों पर अपनी सेवा प्रदान कर चुके हैं ,जिनमें पीसीएमई आरसीएफ कपूरथला, डीआरएम ईस्ट कोस्ट रेलवे, एवं जीएम आरडब्लू एवं ईआई राइटस् आदि प्रमुख हैं।

बैठक में आरेडिका के प्रधान मुख्य विभागाध्यक्षों एवं मुख्य विभागाध्यक्षों के साथ गहन विचार विमर्श किया और कारखाने में चल रहे उत्पादन कार्यों की जानकारी ली। उच्च अधिकारियों के साथ हुई इस बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया कि टीम एमसीएफ सामूहिक प्रयास से रेलवे बोर्ड द्वारा वर्ष 2022–23 के लिए दिये गए निर्धारित 1745 डिब्बों के उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने एवं माननीय रेलमंत्री के वन्देभारत निर्माण के सपने को शीघ्र साकार करने के लिए कटिबद्ध हों । आगे उन्होंने कोच विनिर्माण की गुणवत्ता, यात्री सुविधाओं और सुरक्षा पर भी विचार विमर्श किया।

इसी कड़ी में आरेडिका से संबंधित प्रजेन्टेशन महाप्रबंधक महोदय, के समक्ष प्रस्तुत की गयी।

महाप्रबंधक आरेडिका ने आवसीय परिसर में कर्मचारियों के लिए उपलब्ध संसाधनों का भी निरीक्षण किया। कर्मचारियों की सुविधाओं के लिए बने आवास, स्पोटर्स कॉम्पलेक्स, शॉपिंग कॉम्पलेक्स आदि के बारे में जानकारी ली।

इस दौरान आरेडिका के उच्च अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

10/11/22
(अनिल.कु.श्रीवास्तव)
जन संपर्क अधिकारी